प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय ने याद किया गांधी एवं शास्त्री जी को

पंतनगर। 2 अक्टूबर 2023। पंतनगर विश्वविद्यालय ने आज भारत की दो महान विभूतियों, मोहनदास करमचन्द गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री, की जयंती पर उनको याद किया। गांधी पार्क में कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान तथा कुलसचिव, डा. के.पी. रावेरकर, सभी अधिष्ठाता, निदेशक एवं शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थियों ने गांधी जी की प्रतिमा को फूलमाला पहनायी एवं पुष्पांजली अर्पित कीं। इस अवसर पर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने गांधी जी एवं शास्त्री जी की कही हुई बातों एवं उनके आदर्शों को विश्वविद्यालय एवं शिक्षण के साथ–साथ व्यक्ति, समाज व राष्ट्र के संदर्भ में आज भी प्रासंगिक बताया तथा गांधी जी के अहिंसा, सत्य, सत्याग्रह, विनम्रता जैसे शब्दों की भावनाओं का आज भी उतना ही महत्व बताया जितना पहले कभी था। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए महात्मा गांधी जी ही प्रेरणा के स्रोत है। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह ने किया।

गांधी एवं शास्त्री जयंती पर गांधी जी व शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।

निदेशक संचार